# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 27 मार्च 2023

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

Total Short Notice Question- 8

----

### योजना में शामिल

*133 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जैविक कॉरिडोर योजना का विस्तार किया गया है जिससे शिवहर जिला को शामिल नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि शिवहर पिछड़ा जिला है जैविक कॉरिडोर योजना होने से जिले के किसानों की जैविक खेती से आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवहर जिला को जैविक कॉरिडोर योजना में शामिल करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### सड़कों का निर्माण

*134 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना PMGSY-3 के अन्तर्गत बिहार के ग्रामीण इलाकों में 165 सड़कों एवं 13 पुलों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी है;

(ख) क्या यह सही है कि इनके निर्माण एवं अनुरक्षण आदि पर लगभग 1500 करोड़ रुपये से खर्च होंगे;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़कों का निर्माण प्रारंभ करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पंचायत भवन का निर्माण

***135 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने प्रत्येक पंचायत में एक-एक पंचायत सरकार भवन बनाने का निर्णय लिया है;

(ख) क्या यह सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखंड की 18 ग्राम पंचायतों में अभी तक मात्र 8 पंचायतों में ही पंचायत भवन बन सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष पंचायतों में भी पंचायत भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पानी का निकास

***136 श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत फुलवारी शरीफ प्रखंड के ग्राम महुली के तीन चौथाई घरों के नाली का पानी गांव के बीच में अवस्थित तालाब में गिरता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त तालाब के बगल से सड़क जाती है जो गांव के लोगों को विद्यालय एवं अन्य आस पास के गांवों से जोड़ती है;

(ग) क्या यह सही है कि तालाब में पानी ज्यादा हो जाने से तालाब का गंदा पानी सड़क पर आ जाता है, एवं तालाब के आस-पास घरों में भी घुस जाता है, जिससे लोगों के

आवागमन में समस्या होती है तथा ग्रामीणों को जल जमाव के प्रदूषण से होने वाले बीमारियों का खतरा बना रहता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित के लिए उक्त तालाब के गंदा पानी का निकास गांव के बाहर स्थित पईन में कराना चाहेगी, यदि हां तो कबतक?

----

## वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति का गठन

*137 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार पंचायत आम निर्वाचन- 2021 के घोषित निर्वाचन परिणाम एवं बिहार वार्ड सभा तथा वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति का गठन दिनांक- 15.01.2022 तक कर लिया जाना था;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार के दिनांक- 09.01.2023 की समीक्षा बैठक में निदेश के आलोक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सारण ने अपने पत्रांक- 424 दिनांक-03.02.2023 से पत्र प्रेषित कर जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निदेशित किया है कि दिनांक- 06.02.2023 से 15.02.2023 तक वार्ड सभा एवं वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति का गठन कर लिया जाए;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार के निर्देश के 01 वर्ष एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी के आदेश के बाद भी फरवरी 2023 तक बनियापुर, सारण सदर, मशरख, सोनपुर आदि स्थानों पर उक्त समिति का गठन नहीं किया जा सका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एक निश्चित समय अवधि के अन्दर सारण जिला के सभी वार्डों में वार्ड सभा एवं वार्ड क्रियान्वयन तथा प्रबंधन समिति का गठन करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## लैब खोलने पर विचार

*138 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पशुओं की चिकित्सा के लिए डायग्नोस्टिक लैब की बहुत कमी है;

(ख) क्या यह सही है कि पशुओं की चिकित्सा के लिए डायग्नोस्टिक लैब की कमी होने के कारण पशुओं की उचित बीमारियों की पहचान नहीं होने के कारण कई

अनावश्यक दवाएं पशुओं को दी जाती है। इससे पशुपालक किसानों का खर्च बढ़ता है और बीमारी से निजात भी नहीं मिलती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसी स्थिति में प्रत्येक जिला में कम से कम एक पशु डायग्नोस्टिक लैब खोलने का विचार रखती है जिसमें खासकर दुधारू पशुओं का ब्लड, गोबर एवं अन्य संबंधित जांच की सुविधा उपलब्ध हो सके ?

----

## मानदेय का भुगतान

*139 **श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा)**:

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत राजगीर प्रखंड के वार्ड सदस्यों को जो 500/- (पांच सौ) रुपए प्रतिमाह मिलता है वह विगत एक वर्ष से लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि मानदेय की राशि नहीं मिलने के कारण वार्ड सदस्यों में असंतोष है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड 'क' में वर्णित वार्ड सदस्यों के लंबित मानदेय का भुगतान सरकार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जांच के फलाफल से अवगत

*140 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा)**:

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बगहा-1 के अन्तर्गत पथ निर्माण कार्य में की गई अनियमितता की जांच हेतु मुख्य अभियंता-3, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक- ii/मु.अ. -3 वि.-3-62/22-4097, दिनांक-21.12.2022 द्वारा आदेश निर्गत किया गया था, साथ ही स्थल जांच हेतु दिनांक-18.01.2023 को तिथि निर्धारित की गई थी;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पथ निर्माण कार्य में अनियमितता के संबंध में की गई जांच के फलाफल से अवगत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----